तापमान

अधिकतम 33 .0 डिग्री
न्यूनतम 26 .0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, बुधवार, 6 अगस्त 2025



10 इंडस के खिलाड़ियों ने ब्लॉक स्तरीय स्कूल.....



10 54 नशा पीड़ितों ने करवाया रजिस्ट्रेशन




## खबर संक्षेप

### अवैध असलहा के साथ एक युवक गिरफ्तार

**जींद।** डिटेक्टिव स्टाफ ने भिवानी रोड पर एक युवक को काबू कर उसके कब्जे से एक पिस्तौल बरामद किया है। शहर थाना पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। डिटेक्टिव स्टाफ को सूचना मिली थी कि भिवानी रोड पट्रोल पंप के निकट एक युवक अवैध असलहा के साथ खड़ा हुआ है। जो कहीं जाने की फिराक में है।

### आज दो घंटे तक बंद रहेगा सैक्टर आठ का पॉवर हाउस

**जींद।** बुधवार को सैक्टर आठ के पावर हाऊस की बिजली सप्लाई 2 घंटे बंद रहेगी। यह जानकारी देते हुए निगम के कार्यकारी अभियंता विकास मलिक ने बताया कि इस दौरान जनरल मुरम्मत का काम किया जाएगा। इस कारण सुबह 10 से 12 बजे तक पावर हाऊस को बंद रखा जाएगा। इस पावर हाऊस से जुड़े कई फीडरों की बिजली सप्लाई बंद रहेगी।

### रंजिशन हमला करने पर एक नामजद

**जींद।** गांव हाडवा में रजिशन हमला कर युवक को घायल करने पर पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने एक युवक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव हाडवा निवासी सन्नी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी गांव के कृष्ण से कहासुनी हो गई थी। जिस पर कृष्ण ने उस पर हमला कर दिया। जिसमें उसे काफी चोटें आई। पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने कृष्ण के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### सड़क हादसे में पैंतीस वर्षीय युवक की मौत

**कैथल।** कैथल के ढांड क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में 35 वर्षीय युवक की मौत हो गई। हादसा नेशनल हाईवे 152डी पर हुआ। अज्ञात वाहन ने युवक को इस तरह से कुचल दिया कि मृतक के शरीर को गठरी में बांधकर पोस्टमॉर्टम के लिए पहुंचाना पड़ा। मंगलवार की सुबह हाईवे से गुजर रहे लोगों ने जैसे ही शव देखा तो उन्होंने तुरंत पुलिस को इसकी सूचना दी।

### सट्टा खाईवाल करते एक दबोचा, नकदी बरामद

**जींद।** गढ़ी थाना पुलिस ने गांव धमतान साहिब में सट्टा खाईवाली करते व्यक्ति को काबू कर कब्जे से 4320 रुपये की नकदी तथा सट्टा पर्ची को बरामद किया है। गढ़ी थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि गांव धमतान साहिब निवासी पुरूषोतम गांव मे सट्टा खाईवाल का कार्य कर रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते पुरूषोत्तम को काबू कर लिया।

### अस्सी लाख रुपये ठगी मामले में आरोपी काबू

**कैथल।** जमीन बेचने के नाम पर 80 लाख ठगी मामले में इकनॉमिक सैल द्वारा एक आरोपी को काबू करके 2 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि गांव डयोढखेड़ी निवासी शीशपाल व जोगिंद्र की शिकायत अनुसार वह दोनों भूमि खरीदना चाहते थे।

### राइस मील से मोटरों की तांबे की तार चोरी

**जींद।** गांव धमतान साहिब राइस मील से चार बिजली मोटरों के कीमती तांबे की तार गायब होने पर गढ़ी थाना पुलिस ने शिकायत के आधार चोरी का मामला दर्ज किया है। गांव धमतान साहिब निवासी सुरेंद्र ने पुलिस को दी शिकायत मे बताया कि बीती रात चोरो ने गांव के निकट राइस मील से चार मोटरों की तांबे की चोरी कर ली।

### बाइक चोरी करने के मामले में आरोपी काबू

**कैथल।** बाइक चोरी करने के एक मामले की जांच थाना सिविल लाइन पुलिस के एचसी कुलबीर सिंह की टीम द्वारा करते आरोपी गांव बंधराना निवासी विशाल उर्फ नेपाली को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गांव करोड़ा प्रदीप की शिकायत अनुसार 11 जुलाई 2024 को लजीज होटल के बहार खड़ी उसकी बाइक अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया।

*निदेशालय ने जारी किया नया शेडयूल, 11 से 22 अगस्त तक नए ऑनलाइन आवेदन*

# अब आईटीआई में होंगे मैरिट अनुसार ऑन द स्पॉट दाखिले

**चार काउंसलिंग के बाद 50% सीट खाली रहने के कारण लिया फैसला**

सरकारी व निजी आईटीआई की अधिकतर सीट ऑन द स्पॉट दाखिले पर ही भरी जाती है

नरेश पंवार ▶▶| कैथल

प्रदेश के राज्य के आईटीआई में सीट खाली होने के चलते अब कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग द्वारा चौथी काउंसलिंग पूरी होने उपरांत 5वें राउंड के काउंसलिंग का शेड्यूल जारी कर दिया गया है। शेड्यूल के अनुसार 11 अगस्त को संस्थान के सभी रिक्त सीटों की सूची जारी की जाएगी तो वही 11 अगस्त से लेकर 22 अगस्त तक दोबारा से ऑनलाइन फॉर्म भी प्राप्त किए जाएंगे। इसके साथ ही रैंक में मेरिट कार्ड अनुसार एंड आन द स्पाट दाखिले किए जाएंगे। विद्यार्थियों की फीस भी भरी जाएगी तथा सीट अलॉटमेंट की जाएगी। बता दें कि विभाग द्वारा 8 जुलाई से दाखिला प्रक्रिया शुरू की थी। इसके तहत अलग-अलग 4 काउंसलिंग जारी की गई थी। काउंसलिंग के दौरान सीट अलॉटमेंट होने के बावजूद भी करीब 50% विद्यार्थियों द्वारा ही दाखिला लिया गया है। ऐसे में करीब 50% सीट खाली रहने के कारण विभाग द्वारा अब ऑन द स्पॉट मेरिट एवं दाखिले किए जाएंगे। आईटीआई के जानकारों का कहना है कि सरकारी व प्राइवेट आईटीआई की अधिकतर सीट ऑन द स्पॉट दाखिले पर ही भरी जाती है। हालांकि विशेष कोर्सों में अधिकतर सीट ऑनलाइन काउंसलिंग द्वारा भरी जा चुकी हैं लेकिन कुछ ऐसे कोर्स है कि जिनमें अभी तक भी करीब 50% सिम खाली पड़े हैं। ऐसे में अब ऑन द स्पॉट दाखिला ले जाने से विद्यार्थियों को उनकी इच्छा अनुसार संबंधित आईटीआई में मेरिट अनुसार दाखिला मिल सकेगा। **रिक्त सीटों पर होगा दाखिलाः** बता दें कि अब तक विद्यार्थी आनलाइन के चक्कर में उलझे हुए थे। अब नए शेडयूल अनुसार विद्यार्थी पोर्टल पर आवेदन करने के उपरांत वहां से मैरिट कार्ड डाउनलोड करते हुए उसे संबंधित आईटीआई में प्रातः 11:00 बजे तक जमा करवाएगा। आईटीआई में प्राप्त आवेदनों पर मैरिट सूची तैयार की जाएगी तथा रिक्त सीटों पर मैरिट सूची अनुसार दाखिला दिया जाएगा।



**कैथल।** राजकीय आईटीआई में दाखिला लेते विद्यार्थी। *फोटो :हरिभूमि*

#### ऑन द स्पॉट काउंसलिंग

जिला नोडल अधिकारी एवं राज्य के कैथल के प्रधानाचार्य सतीश मच्छाल ने बताया कि 11 अगस्त से दाखिले पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि दाखिला सत्र में पहले के दाखिला राउंड में भरे गए आवेदनों पर भी ऑन द स्पॉट काउंसलिंग में विचार किया जाएगा। इसके साथ ही पुराने व नए आवेदनों के आधार पर संयुक्त मेरिट लिस्ट तैयार की जाएगी। मेरिट लिस्ट के अनुसार की रिक्त सीटों पर दाखिला किया जाएगा।

#### जींदः आईटीआई में चौथी मेरिट लिस्ट के तहत दाखिला प्रक्रिया शुरू

**जींद।** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) में दाखिले के लिए चौथी मेरिट लिस्ट के तहत प्रक्रिया जारी है। जिन विद्यार्थियों का नाम चौथी मेरिट लिस्ट में आया है, उन विद्यार्थियों को आठ अगस्त तक अपने दस्तावेजों का सत्यापन अनिवार्य रूप से करवाना होगा। जबकि फीस जमा करने की अंतिम तिथि नौ अगस्त निर्धारित की गई है। राजकीय आईटीआई जींद के प्राचार्य नरेश कुमार ने बताया कि चयनित विद्यार्थियों को संस्थान की ओर से व्यक्तिगत रूप से मोबाइल संदेश और फोन कॉल के माध्यम से सूचित किया जा रहा है ताकि वे निर्धारित समय सीमा में प्रवेश प्रक्रिया पूरी कर सकें। उन्होंने कहा कि दस्तावेज सत्यापन और समय पर फीस भुगतान की प्रक्रिया पूरी करने के पश्चात ही विद्यार्थियों का दाखिला पूर्ण और सीट सुरक्षित मानी जाएगी। संस्थान प्रशासन ने विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों से अपील की है कि वे दाखिला प्रक्रिया को गंभीरता से लें और समय पर सभी औपचारिकताएं पूरी करें। उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रीशियन ट्रेड में अत्यधिक प्रतिस्पर्धा देखी गई है। जहां अधिकतम मेरिट 105 प्रतिशत और न्यूनतम 86.8 प्रतिशत रही।

## कॉलेज में यूजी कोर्स को लेकर पोर्टल ओपन

*जींद के महाविद्यालयों में 20 प्रतिशत तक सीटें रिक्त*

- ऑनलाइन आवेदन करने के बाद फिजिकल काउंसलिंग के तहत दस्तावेज लेकर आए छात्र कालेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिले के विभिन्न कॉलेजों में यूजी कोर्स में खाली बची सीटों पर दोबारा से दाखिले के लिए उच्चतर शिक्षा विभाग ने पोर्टल खोल दिया है। इच्छुक विद्यार्थी दाखिले के लिए पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करने के बाद फिजिकल काउंसलिंग के तहत दस्तावेज लेकर कॉलेज परिसर में आना होगा। इसके बाद विद्यार्थियों के दाखिले होंगे। गौरतलब है कि दो मेरिट लिस्ट और फि किकल काउंसलिंग के बाद भी यूजी कोर्स में 20 से 25 प्रतिशत सीट खाली बची हुई हैं। जबकि जिले के विभिन्न कॉलेजों में निर्धारित सीटों पर दो से तीन गुना आवेदन आए थे। वहीं दूसरी ओर पहली मेरिट लिस्ट में भी ज्यादातर संकायों में 100 से ऊपर रही थी। उच्चतर शिक्षा विभाग द्वारा जारी शेड्यूल के अनुसार 19 मई से लेकर 16 जून तक विद्यार्थियों को दाखिले के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करना था। आवेदन के समय तो कॉलेजों में निर्धारित सीटों पर दो से तीन गुना तक आवेदन आए थे। ऐसे में जब 26 जून को पहली मेरिट लिस्ट जारी हुई थी तो ज्यादातर संकायों में मेरिट लिस्ट 100 से ऊपर रही थी। पहली मेरिट लिस्ट में जिन विद्यार्थियों का नाम मेरिट लिस्ट में आया था उसके पास 27 से लेकर 30 जून तक दाखिले के लिए फीस जमा करवाने का समय था। पहली मेरिट लिस्ट के बाद सीट खाली रहने पर तीन जुलाई को दूसरी मेरिट लिस्ट जारी हुई थी। जिन विद्यार्थियों का नाम दूसरी मेरिट लिस्ट में आयाए उनके पास चार जुलाई से लेकर सात जुलाई तक फीस भरने का समय था। नौ जुलाई को फिर जिकल काउंसलिंग शुरू हुई थी।



दाखिला प्रक्रिया में भाग लेने आई छात्राएं।

#### उच्चतर शिक्षा विभाग ने फिर पोर्टल खोल दिया

11 जुलाई से लेकर 17 जुलाई तक 100 रुपये लेट फीस के साथ विद्यार्थी दाखिला ले सकते थे। फिर 18 जुलाई से लेकर 24 जुलाई तक पहले वाले 100 रुपये लेट फीस और 100 रुपये हर रोज लेट फीस भरकर विद्यार्थी दाखिला ले सकेते थे लेकिन दो सप्ताह चली फि जिकल काउंसलिंग के बाद भी भी कॉलेजों में सीट खाली बची हुई थी। इसके बाद अब दोबारा से उच्चतर शिक्षा विभाग द्वारा से पोर्टल खोला गया है।

#### फिजिकल काउंसलिंग के तहत होंगे दाखिले

राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. सत्यवान मलिक ने बताया कि खाली सीटों पर दाखिले के लिए उच्चतर शिक्षा विभाग ने दोबारा से 28 अगस्त तक पोर्टल खोला हैए जिन पर फिजिकल काउंसलिंग के तहत दाखिल प्रक्रिया के तहत सीट भरी जाएंगी। जो विद्यार्थी दाखिले से वंचित रह गए थे, उन्हें चाहिए कि निर्धारित समय में दाखिला लें। यूजी कोर्स में दो मेरिट लिस्ट और फि जिकल काउंसलिंग के बाद भी कॉलेज में कुछ सीट खाली रह गई थी।

## नरवाना : आठ एकड़ जमीन पर बन रही अवैध कालोनी पर जिला नगर योजनाकार की टीम ने चलाया पीला पंजा

*कालोनी अवैध रूप से डेवलप हो रही थी इसलिए कार्यवाही करनी पड़ीः टीम*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

नरवाना शहर में धर्म सिंह कालोनी के पास 8 एकड़ जमीन पर बन रही अवैध कालोनी पर जिला नगर योजनाकार की टीम ने चलाया पीला पंजा। बता दें कि इस कालोनी में पहले भी नगरपरिषद का एम ई जिला नगर परिषद आयुक्त द्वारा निलंबित किया जा चुका है इतना हों जाने के बाद भी कालोनी डेवलपमेंट का काम बदस्तूर जारी है सड़कें बनाई जा रही है प्लाटो की नींव भरी जा रही है कोई इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। नगरपरिषद प्रशासन चैन की नींद सो रहा है अधिकारी मौन है। ऐसा लगता है सभी लोग इसमें शामिल हैं इसीलिए कोई ध्यान नहीं दे रहा है। अब जाकर जिला नगर योजनाकार की नींद खुली है देखना अब ये है कि आगे क्या कार्यवाही होगी। बिना सरकारी अधिकारियों के मिली भगत इतना काम नहीं हो सकता कुछ तो दाल में काला है हो सकता है सारी की सारी दाल ही काली हो। नगर योजनाकार की टीम का कहना है कि कालोनी अवैध रूप से डेवलप हो रही थी इसलिए उन्होंने कार्यवाही करनी पड़ी। कालोनी को डेवलप करने वाले मौके पर मौजूद नहीं थे। जिला नगर योजनाकार की टीम पुरे? पुलिस बल के साथ मौजूद रहीं।



## कलायत : तीन एकड़ में पनप रही अवैध कॉलोनी पर चला डीटीपी का पीला पंजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

जिला नगर योजनाकार प्रवीण कुमार ने बताया कि कार्यालय द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से राजस्व संपदा कलायत में पनप रही एक अवैध कालोनी में बनी सड़कों, सिवरेज, एक दुकान, चार डीपीसी को शुरुआती चरण ही तोड़ा गया। अवैध कालोनी में कार्यवाही एचडीआर एक्ट 1975 के प्रावधान अनुसार की गई।

कार्रवाई के दौरान बिजली विभाग के एसडीओ अंकित कुमार बतौर डयूटी मैजिस्ट्रेट तैनात रहे। जिला नगर योजनाकार प्रवीण कुमार ने बताया कि कार्यालय के संज्ञान में राजस्व संपदा कलायत में लघु सचिवालय के पास करीब तीन एकड़ में अवैध कालोनी विकसित करने का मामला संज्ञान में आया था, जिसके उपरांत कार्यालय द्वारा भू स्वामियों को एचडीआर एक्ट 1975 की धाराओं के तहत नोटिस जारी करके अवैध कालोनी को रोकने के आदेश दिए गए थे। परंतु भू-स्वामियों द्वारा ना तो मौके पर बनाई जा रही अवैध कालोनी के निर्माण कार्य को रोका गया और न ही विभाग से किसी प्रकार की अनुमति के लिए आवेदन किया। जिसके बाद डीटीपी का अमला पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचा और कालोनी में सड़कों, सिवरेज, एक दुकान, चार डीपीसी को शुरुआती चरण ही तोड़ा गया।



**कैथल।** अवैध अतिक्रमण को हटाती जेसीबी। *फोटो :हरिभूमि*

## बरसात बंद होने के 18 घंटे बाद भी सड़कों से नहीं उतरा पानी

- बारिश के दौरान शहर की सड़क हो रही जलमगन हालात हो रहे बदतर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

बीती देर शाम को हुई महज बीस एमएम बारिश ने शहर को पानी-पानी कर दिया। जिसने पानी निकासी के दावों की पोल खोलने के साथ व्यवस्था को भी आइना दिखा दिया। हालात यहां तक रहे कि बारिश बंद होने के 18 घटे बाद शहर में कुछ सड़कों पर बरसाती पानी जमा रहा। जिसके चलते वाहन चालकों तथा राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। मंगलवार दोपहर बाद भी कर्मी सड़कों से पानी उतारने की जुगत करते दिखाई दिए। **बारिश ने रोकी रफ्तार, सड़कें जलमग्न, निकलना हुआ दूभरः** बारिश के दौरान शहर के अंदर कोई ऐसी सड़क नही थी। जहां पर दो से अढ़ाई फूट पानी न सड़को पर खड़ा हो। सड़कों पर जमा बरसाती पानी ने वाहनों की रफ्तार को रोक दिया। सबसे ज्यादा परेशानी दुपहिया वाहन तथा छोटी गाड़ी चालकों को हुई। जो पानी में जवाब दे गई और उन्हें अपने वाहनों को धक्के मार ले जाते देखा गया। उस दौरान बिजली भी शहर गुल हो गई थी। जो देर रात को बहाल हो पाई। कुछ स्थानों से 18 घंटे बाद भी **नही उतरा सडकों से पानीः** बारिश बंद होने के बाद भी सड़कों से पानी उतरने मे काफी समय लगा तो कुछ सड़कों पर 18 घंटे बाद भी बरसाती पानी जमा रहा। पटियाला चौके के पुराना बिजली घर तथा सिंचाई विभाग अधिकारी आवासों के बाहर सड़कों पानी ज्यों का त्यों खड़ा रहा। जिसके कारण वहां से गुजरने वाले वाहन चालकों तथा राहगीरो को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

**रोड पर पानी**



#### बारिश ने दिखाया आइना

डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा ने अधिकारियों को साफ आदेश दिए थे कि बरसाती पानी की निकासी साथ-साथ हो। बावजूद इसके ऐसा नही हो रहा है। महज 20 एमएम बारिश ने शहर को पानी-पानी कर दिया। जबकि शहर में बरसाती पानी जमा होने के प्वायंट चिन्हित हैं। बारिश के दौरान वहां पर पानी का जमा होनो लाजमी है। बावजूद इसके सड़कों से पानी निकासी को लेकर संबंधित विभाग गंभीर नही दिखाई दिया।



**जींद।** बातचीत करते हुए छात्र। *फोटो :हरिभूमि*

### डीन अकादमिक कार्यालय के छात्रों का धरना

**जींद।** चौधरी रणबीर सिंह विवि में किसान छात्र एकता संगठन और एनएसयूआई के नेतृत्व में छात्र संगठनों ने डीन अकादमिक के कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन 24 जुलाई से शुरू हुई कक्षाओं के नियमित रूप से नहीं लगने के विरोध में किया गया। धरने की अध्यक्षता करते हुए किसान छात्र एकता संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सुमित लाठर ने कहा कि यूनिवर्सिटी केवल घोषणाओं में व्यस्त है कि सारी व्यवस्थाएं पूरी हैं। जबकि धरातल पर स्थिति बेहद निराशाजनक है। कक्षाएं शुरू नहीं हुईं हॉस्टल की स्थिति बदहाल है और न ही परिवहन या अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हैं। छात्रों के समय और पैसों की बर्बादी हो रही है। एनएसयूआई विश्वविद्यालय अध्यक्ष जयदीप संधू ने भी प्रशासन पर सवाल उठाते कहा कि छात्र दूर.दराज से आ रहे हैं। बसों में लटक कर यूनिवर्सिटी पहुंचते हैं और यहां आकर उन्हें खाली क्लास रूम मिलते हैं। इससे उनका मानसिकए शैक्षणिक और आर्थिक नुकसान हो रहा है।



**नरवाना।** सहायता राशि का चैक देते मंत्री बेदी। *फोटो :हरिभूमि*

#### आर्थिक सहायता के लिए चैक वितरित किए

**नरवाना।** हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने मुख्यमंत्री किसान एवं खेतीहर मजदूर जीवन सुरक्षा योजना के तहत पीड़ित व्यक्ति को 8 लाख 62 हजार 500 रुपये के चेक वितरित किए। स्थानीय लोक निर्माण विश्राम गृह में कैबिनेट मंत्री ने 6 पीड़ित व्यक्तियों को आर्थिक मदद के रूप में ये चेक भेंट किये। उन्होंने गांव हंसडैहर निवासी चरणजीत कौर को 5 लाख का चेक धनौरी निवासी सुरेश तथा खरड़वाल निवासी बोहती सहित दोनों को एक लाख 25 हजार के चैक भेंट किये। इनके अलावा झील निवासी चन्द्रहासए राजगढ़ ढोबी निवासी सत्यवान और नरवाना निवासी राजेश प्रत्येक को 37 हजार 500 रुपये के अलग. अलग चेक भेंट किये। कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि सरकार हर उस पीड़ित एवं मजदूर किसान के साथ खड़ी है जिसे खेती बाड़ी के कार्य करते व्यक्त कोई भी शारीरिक क्षति पहुंचती है। यह क्षति खेती करते व्यक्त कृषि संयंत्रों से भी हो सकती है।

**सीएम के 17 को नरवाना आगमन से हलका वासियों का चमकेगा भाग्यः मंत्री बेदी**

## गुरूसर गांव को 3 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात

- मुख्यमंत्री नरवाना की नई अनाज मंडी में जनसभा को सम्बोन्धित करेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा है कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के 17 अगस्त को नरवाना आगमन से हलका वासियों का भाग्य चमकेगा। इस दिन मुख्यमंत्री नरवाना की नई अनाज मंडी में विशाल जनसभा को सम्बोन्धित करेंगे। मुख्यमंत्री जहां गत विधानसभा चुनाव में दिए अपार जनसमर्थन के लिए क्षेत्र वासियों का आभार व्यक्त करेंगे वहीं क्षेत्र की जनता को करोड़ों रुपये की विकास परियोजनाओं की सौगात देंगे। मुख्यमंत्री के इस दौरे से नरवाना की तरक्की का रास्ता प्रशस्त होगा वहीं आमजन को विकास परियोजनाओं का लाभ मिलना लाजमी बनेगा। कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी सोमवार देर सांय विधानसभा हलका के गांव गुरुसर में आयोजित ग्रामीण सभा में बोल रहे थे। कैबिनेट मंत्री ने ग्रामीणों से रूबरू होते अपने सम्बोन्धन में कहा कि गत विधानसभा चुनाव में उन्होंने हलका की जनता से वायदा किया था कि 5 अक्टूबर तक जागना लोगों का काम है और 5 साल तक जनसेवा और इलाका की तरक्की की जिम्मेदारी मेरी रहेगी। इस वायदे को निभाने की मैं ईमानदारी से कोशिश कर रहा हुं। लोगों ने उन्हें अपने वोट के रूप में जो आर्शीवाद दिया उसके लिए वे ता जिन्दगी ऋणी रहेंगे। क्षेत्र के मतदाताओं ने उन पर जो विश्वास जताया है उसका वे विकास कार्यों के रूप में ऋण उतारने की कौशिश करेंगे। कैबिनेट मंत्री ने यह भी कहा कि उनका मकस्द है कि वर्तमान पूरा कार्यकाल के दौरान दलगत राजनीति से उपर उठकर निष्पक्ष भाव से हलका की प्रगति का कार्य करेंगे। कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने गांव में करीब 3 करोड़ रुपये के विभिन्न विकास कार्य करवाने की भी घोषणा की।



**नरवाना।** मंत्री बेदी का स्वागत करते हुए। *फोटो :हरिभूमि*

## खबर संक्षेप

### स्वरोजगार के लिए आवेदन आमंत्रित

**जींद** । हरियाणा अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम के जिला प्रबंधक जगरूप सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम की योजनाओं के तहत अनुसूचित जाति के व्यक्तियों को स्वरोजगार के लिए ऋण प्रदान किए जाने के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किए जा रहे हैं। निगम द्वारा सूक्ष्म वित्त योजना के तहत एक लाख एवं सावधि ऋण योजना के तहत दो लाख रुपये तक की धनराशि उपलब्ध कराई जाएगी।

### अधिवक्ता का पर्स चोरी नकदी व दस्तावेज चोरी

**जींद**। अधिवक्ता के चैंबर से पर्स के गायब होने पर शहर थाना सफीदों पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज किया है। पर्स में नगदी के अलावा जरूरी दस्तावेज थे। पुलिस मामले की जांच कर रही है। अधिवक्ता डा. अशोक ने पुलिस को दी शिकायत मे बताया कि दोपहर को वह कार्यवश चैंबर को खुला छोड़ बाहर चले गए थे। जब वे वापस लौटे तो पर्स गायब था।

### पुलिस की रेड, 150 लीटर लाहण बरामद

**जींद**। गांव करसिंधु में उचाना थाना पुलिस ने एक व्यक्ति के ठिकाने पर छापेमारी कर 150 लीटर लाहण बरामद की है। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। उचाना थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि गांव करसिंधु निवासी ईश्वर कच्ची शराब निकालने क तैयारी में है। सूचना के आधार पर उचाना थाना पुलिस ने ईश्वर के ठिकाने पर छापेमारी की तो वहां से 150 लीटर लाहण बरामद हुई।

### मां व बेटी संदिग्ध हालात में लापता, शिकायत दर्ज

**जींद**। गांव लिजवाना कलां से मां बेटी के संदिग्ध हालात में गायब होने पर जुलाना थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव लिजवाना कलां निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस उसकी पत्नी तथा पांच वर्षीय बेटी घर से गायब हो गई। तलाशने तथा पूछताछ करने पर दोनों का कोई सुराग नही लगा।

### बुखार पीड़ित की बनाई रक्त पट्टिका

**जींद**। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खरकरामजी के अंतर्गत निडानी गांव में स्वास्थ्य सुपरवाइजर तेजवीर सिंह व विजेंद्र सिंह की अगुवाई में एमपीएचडब्ल्यू सुनील, सोनू, जीवन व शलेंद्र व आशा वर्कर की टीम द्वारा रैपिड फीवर मास सर्वे किया गया। तेजवीर सिंह व विजेंद्र सिंह ने बताया कि स्वास्थ्य कर्मियों की टीम ने रैपिड फीवर मास सर्वे के दौरान बुखार पीड़ित की रक्त पट्टिका बनाई।

### खंड स्तरीय प्रतियोगिता में जीता पदक

**जींद**। बालाजी अखाड़ा जींद में हरियाणा स्कूली गेम्स के अंतर्गत गुरुकुल विद्यापीठ के 11वीं के छात्र नवीश में 45 किलोग्राम वर्ग भार में अंडर 17 वर्ष में कुश्ती में गोल्ड मेडल प्राप्त किया। इसके अलावा 11वीं कक्षा के विशाल ने 85 किलोग्राम भार में अंडर 17 वर्ष कुश्ती में गोल्ड मेडल जीता। दोनों छात्र जिला चैंपियनशिप के लिए सिलेक्ट किए गए। प्राचार्य राकेश वत्स ने खिलाडियों की सफलता का श्रेय मेहनत और उनके कोच नरेंद्र शर्मा को दिया।

### डिस्कस थ्रो में आर्य स्कूल रहा अव्वल

**जींद**। खंड स्तरीय खेलों में अहिरका गांव के आर्य सीनियर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया। प्रबंधक वजीर ढांडा ने बताया कि छात्र तनिष्क ने अंडर 19 डिस्कस थ्रो में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया।

### विद्यार्थियों ने ली हरियाली की शपथ

**जींद**। हरियाणा को हराभरा बनाने के उद्देश्य से कार्यरत राह ग्रुप फाउंडेशन की अनूठी पहल ने अब युवाओं को भी प्रेरित करना शुरू कर दिया है। संस्था के चेयरमैन नरेश सेलपाड़ द्वारा चलाए जा रहे श्मशान हरित क्रांति अभियान के तहत दर्जनों गांवों की उपेक्षित श्मशान भूमियों को हरियाली से आच्छादित किया गया है। आंदोलन की प्रेरणा से विद्यार्थी भी पर्यावरण संरक्षण के लिए आगे आने लगे हैं।

## विजेता खिलाड़ियों को किया सम्मानित

# इंडस के खिलाड़ियों ने ब्लॉक स्तरीय स्कूल गेम्स में किया शानदार प्रदर्शन

### सफलता परिश्रम, अनुशासन और टीम के निरंतर प्रयासों का परिणामः सारंग

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जींद



जींद। प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

इंडस ग्लोबल अकादमी किनाना के विद्यार्थियों ने ब्लॉक स्तरीय स्कूल गेम्स 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय, शिक्षकों और अभिभावकों को गौरवान्वित किया। विभिन्न खेल प्रतिस्पर्धाओं में भाग लेते विद्यार्थियों ने न केवल अपने कौशल का परिचय दिया बल्कि अनुशासन और समर्पण के माध्यम से सभी का दिल जीत लिया। कराटे प्रतियोगिता में कक्षा 7वीं के यश कौशिक (अंडर 14) और कक्षा 8वीं के जतिन कुमार (अंडर 17) ने शानदार प्रदर्शन करते स्वर्ण पदक प्राप्त किए। नेटबॉल (अंडर 17) टीम में कक्षा 10वीं के उदित सैनी, अंकुश, अखिल, कृष और अरमान तथा कक्षा 9वीं से विनय कुमार ने भाग लेकर टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। आर्चरी (अंडर 17) में कक्षा 10वीं के हार्दिक और कक्षा 9वीं के धवल ने अपने लक्ष्य को सटीकता से साधते हुए विद्यालय का नाम ऊंचा किया। बॉक्सिंग प्रतियोगिता में कक्षा 9वीं की छात्राएं यांशु और वंशिका ने जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीते। शतरंज (अंडर 14) में कक्षा 7वीं के मयंक, सिद्धांत, कक्षा 6वीं के भाविक मलिक तथा कक्षा 8वीं के निकुंज ने मानसिक चातुर्य का परिचय देते हुए बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते स्वर्ण पदक हासिल किया। टेबल टेनिस में कक्षा 8वीं से विशेष और समर, कक्षा 7वीं से यशमित तथा कक्षा 6वीं से हितेन ने भाग लिया और सभी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। फुटबॉल (अंडर 14) में भी विद्यालय की टीम ने शानदार खेल दिखाते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर विद्यालय के हैडमास्टर जेएस सारंग ने सभी विद्यार्थियों को बधाई दी और कहा कि यह सफलता उनके परिश्रम, अनुशासन और कोचिंग टीम के निरंतर प्रयासों का परिणाम है। इंडस करियर इंस्टिट्यूट के डायरेक्टर संजीव तायल ने कहा कि इंडस ग्लोबल अकादमी के खिलाड़ी न केवल खेल के मैदान में बल्कि जीवन के हर क्षेत्र में प्रेरणादायक प्रदर्शन कर रहे हैं। संस्था सदैव ऐसे आयोजनों को प्रोत्साहित करती है ताकि छात्र व छात्राएं अपने भीतर छिपी प्रतिभा को पहचान सकें और उसका श्रेष्ठ प्रदर्शन कर सकें।

# प्रो. वजीर को पुष्प अर्पित कर किया नमन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जींद


प्रो.वजीर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते युवा नेता अनुराग व परिवार के सदस्य।

राजकीय महिला कॉलेज जींद में लोक प्रशासन विभाग के दिवंगत प्रोफेसर डा. वजीर सिंह खटकड़ की पांचवीं पुण्यतिथि पर उनकी आत्मा की शांति के लिए, हवन किया गया। उचाना विकास संघर्ष समिति के अध्यक्ष और उनके बेटे अनुराग खटकड़ ने बताया कि उनके पिता एक आम गरीब परिवार से निकल कर और विपरित परिवारिक परिस्थितियों में बहुत कड़ा संघर्ष करके पढ़ लिख कर प्रोफेसर बने थे। अनुराग ने कहा कि उनके पिता का समाज के साथ बहुत बड़ा जुड़ाव था और वो समाजिक व्यक्ति थे। समाजिक कार्य करने की इच्छा हमें उन्हीं से मिली है। अनुराग ने बताया कि हजारों छात्र व छात्राओं को उन्होंने शिक्षा देने का काम किया और उनके मार्गदर्शन में पढ़े छात्र आज सैकड़ों की संख्या में सरकारी विभागों में सेवाएं दे रहे हैं। अनुराग ने बताया कि उनके जीवन में संघर्ष से युवाओं को बहुत प्रेरणा मिलती है। आज उनकी पांचवी पुण्यतिथि पर प्रतिमा पर पुष्प चढ़ा उनको याद किया गया। अनुराग खटकड़ ने कहा कि उनकी प्रतिमा स्थापित भी इसलिए की गई थी ताकि प्रोफेसर वजीर खटकड़ के रहे अधूरे कार्यों की जहां याद दिलाती रहेगी वहीं दूसरी तरफ इस प्रतिमा को देखने के बाद कड़ा संघर्ष करने का जज्बा और जुनून हम सबको मिलता रहेगा। अनुराग खटकड़ ने कहा कि भविष्य में भी उनके जन्मदिन व पुण्यतिथि पर अनेक सामाजिक कार्य किए जाएंगे। इस मौके पर परिवार के सदस्य जोगीराम ठेकेदार होशियार सिंह, बलिंदर खटकड़, नवरतन, संदीप, दीक्षा, दीक्षांत आदि मौजूद रहे।


जींद। मीटिंग में मौजूद एसोसिएशन के पदाधिकारी। फोटो :हरिभूमि

### बैठक में कई मांगों पर बनी सहमति

**जींद।** बहुउद्धेश्यीय स्वास्थ्य कर्मचारी एसोसिएशन हरियाणा का प्रतिनिधिमंडल राज्य प्रधान शर्मिला के नेतृत्व में सरकार के निमंत्रण पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के प्रशासनिक निदेशक डा. जितेंद्र कादियान से मिला। प्रस्ताव के बाद उनके कार्यालय में बैठक के दौरान राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के ततह कार्यरत महिला बहुउद्धेश्यीय स्वास्थ्य कर्मचारियों से संबंधित समस्याओं व मांगों के समाधान के लिए विस्तृत चर्चा की गई। इसके दौरान अधिकतम मांगों पर सहमति बनी और जल्द ही कार्रवाई का आश्वासन मिला। इसमें एमपीएचडब्ल्यू (फीमेल) कर्मचारियों की वेतनमान नियमित कर्मचारियों की भांति 35400-4200 ग्रेड पे के लिए दोबारा केवल एमपीएचडब्ल्यू फीमेल के वेतन संशोधन की फाइल दोबारा तैयार कर अनुमोदना के लिए वित्त विभाग को भेज कर एसो को सूचना दे दी जाएगी। ड्रेस व एफटीए के लिए इस वर्ष केंद्रीय मिशन निदेशक को पीआईपी मोड्यूल भेज कर अनुमति लेकर अगले वित्त वर्ष में लाभ प्रदान करने का ठोस आश्वासन दिया गया।

### 11 अभ्यर्थियों को रोजगार मेले में सौंपे नियुक्ति पत्र

**जींद।** सहायक रोजगार अधिकारी अनन्या दहिया ने बताया कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार मंगलवार को रोजगार मेले का आयोजन किया गया। रोजगार मेले में 13 अभ्यर्थियों ने भाग लिया। जिसमें से 11 नवनियुक्त अभ्यर्थियों को विभिन्न कंपनियों द्वारा मौके पर ही नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर करनाल की पुखराज हेल्थ केयर कंपनी, जींद से एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस तथा सफीदों की गुजरात पेस्टिसाइड कंपनी के अधिकारियों द्वारा स्वास्थ्य सलाहकार, एएलएम, बिक्री कार्यकारी अधिकारी के अनेकों पदों के नियुक्ति पत्र अभ्यर्थियों को सौंपे गए। अनन्या दहिया ने नवनियुक्त अभ्यर्थियों को बधाई देते हुए कहा कि जिन युवाओं को ये नियुक्ति पत्र प्राप्त हुए हैं, उन्हें न केवल रोजगार मिला है बल्कि उन्हें देश के नव निर्माण में अपनी सेवाएं प्रदान करने अवसर भी मिला है। इसलिए हमें पूरी निष्ठा व लगन के साथ कार्य करना चाहिए।

### सीआरएसयू में चलाया पौधरोपण अभियान

**जींद।** चौधरी रणबीर सिंह विवि जींद की राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत विवि द्वारा गोद लिए गए गांव अशरफगढ़ में पौधारोपण अभियान चलाया। इसमें विवि के कुलपति प्रो. रामपाल सैनी ने सभी स्वयंसेवकों को इस पौधरोपण कार्यक्रम के लिए बधाई दी और भविष्य में ज्यादा से ज्यादा पर्यावरण संरक्षण के कार्यक्रम में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। कुलसचिव प्रो. लवलीन मोहन ने स्वयंसेवकों की पौधरोपण की इस पहल की सराहना की और बताया कि विद्यार्थियों द्वारा गांव में जाकर पौधरोपण करना और गांव के लोगों को इसके लिए प्रेरित करना विवि के लिए गर्व का विषय है। इसके बाद कार्यक्रम समन्वयक डा. नवीन के नेतृत्व में सभी कार्यक्रम अधिकारियों और सभी स्वयंसेवकों ने गांव में अलग-अलग जगहों पर जाकर 50 फलदार व छायादार पौधे गांव में लगाए। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक डा. नवीन कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राम पाल सैनी के निर्देशानुसार इस कार्यक्रम को आयोजित करवाया



जींद। कार्यक्रम में मौजूद स्वयं सेवक। फोटो :हरिभूमि


नरवाना। प्रतियोगिता में भाग लेते बच्चे। फोटो :हरिभूमि

### डीबीके पब्लिक स्कूल के खिलाड़ी छाए

**नरवाना।** चल रहे हरियाणा स्कूल गेम्स ;क्षेत्रीय स्तरद्ध में डीबीके पब्लिक स्कूल नरवाना की उत्कृष्ट उपलब्धियों प्राप्त की हैं। प्रिंसिपल ने कहा की हमारे प्रतिभाशाली छात्रों ने विभिन्न खेल विधाओं में शीर्ष स्थान प्राप्त करके और चयनित होकर स्कूल का नाम रोशन किया है। उनका समर्पण खेल भावना और जुनून सराहनीय है। सभी विजेताओं और प्रतिभागियों को बधाई! मंगलवार के खेल की उपलब्धियाँ . मुख्य अंश लड़कियों की लंबी कूदरू अवनि . प्रथम स्थान तनु . द्वितीय स्थान लड़कों की कुश्ती दिव्या कुमार . ब्लॉक स्तर पर प्रथम स्थान शतरंजरू अवि और तनिश . प्रथम स्थान ;टीमद्धयोग ;जिला.स्तरीय चयनद्धरू रुद्र स्केटिंगरू सभी टीम के खिलाड़ी जिला स्तर के लिए चयनित ब्लॉक स्तर पर प्रथम स्थानबास्केटबॉलरू सभी खिलाड़ी जिला स्तर के लिए चयनित ब्लॉक स्तर पर प्रथम स्थानफुटबॉलरू टीम ने ब्लॉक स्तर पर दूसरा स्थान प्राप्त कियाहम सभी एथलीटोंए प्रशिक्षकों और अभिभावकों को उनके निरंतर सहयोग के लिए हार्दिक बधाई देते हैं।

### ईश्वर गोयल अग्र अवार्ड से सम्मानित

**जींद।** बाल धर्मार्थ अस्पताल जींद के प्रधान ईश्वर गोयल को वैश्य कॉलेज रोहतक के कॉलेजियम में सदस्य चुने जाने पर अग्र सम्मान से नवाजा गया है। उन्हें यह सम्मान अखिल भारतीय अग्रवाल समाज हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष डा. राजकुमार गोयल द्वारा प्रदान किया गया। यह सम्मान समारोह आगामी सात सितंबर को जींद में आयोजित होने वाले उत्तर भारत स्तरीय युवक युवती परिचय सम्मेलन की तैयारियों को लेकर हुई विशेष बैठक के दौरान आयोजित किया गया। इस अवसर पर जींद के अनेक गणमान्य अग्रवाल बंधु डा. रजनीश जैन, बीएस गर्ग, पीसी जैन, पुष्पा अग्रवाल, महेश सिंगला, सावर गर्ग, रामधन जैन, राकेश सिंघल आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर राजकुमार गोयल ने कहा कि ईश्वर गोयल का कॉलेजियम सदस्य के रूप में चयन समूचे समाज के लिए गर्व की बात है। समाजसेवियों को इस प्रकार प्रोत्साहित करना हमारा कर्तव्य है। वहीं ईश्वर गोयल ने इस सम्मान के लिए अग्रवाल समाज का आभार व्यक्त करते कहा कि यह सम्मान मेरे परिवार और समस्त जींद समाज के लिए गर्व का विषय है।


ईश्वर गोयल को सम्मानित करते प्रधान राजकुमार गोयल।


जींद। बच्चों को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### कंडेला के सरकारी स्कूल का शानदार प्रदर्शन

**जींद।** गांव कंडेला के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के छात्रों का खंडस्तरीय खेलकूद प्रतियोगता में शानदार प्रदर्शन रहा है। स्कूल के प्राचाय हंसबीर रेढू ने बताया कि शाटपुट में स्कूल के छात्र विशाल, ज्वैलियन में छात्र नैतिक ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। लॉग जंप में छात्र सागर व आशीष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया है। अंडर 17 मे छात्र सन्नी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने खेलकूद प्रतियोगता में स्कूल का नाम रोशन करने वाले छात्रों का बधाई दी।


जुलाना। किसानों को कपास की खेती के प्रति जागरूक करते कृषि अधिकारी।

### कपास की खेती के लिए किया जागरूक

**जुलाना।** नई अनाज मंडी में एक दिवसीय कपास दिवस आयोजन किया गया। इस एक दिवसीय कपास दिवस के मौके पर खंड जुलाना के विभिन्न गांव के किसानों ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता खंड कृषि अधिकारी डा. सूरजमल ने की। शिविर में डा. सूरजमल ने बताया कि किसानों को बताया कि कपास की फसल में किट प्रबंधन किस प्रकार करे, कपास की फसल के आने वाली बीमारियां व किस प्रकार उन बीमारियों की रोकथाम की जाए। बताया कि कपास की फसल में गुलाबी सुंडी की रोकथाम कैसे करनी है, किसानों को विस्तार पूर्वक बताया ओर खड़ कृषि अधिकारी ने किसानों को प्राकृतिक खेती के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। बताया कि किस प्रकार आज और कल गांव में और शहरों में बीमारियां फैल रही हैं। कैंसर जैसी भयानक बीमारी लोगों को अपनी चपेट में ले रही है। इसका एक मात्र समाधान प्राकृतिक खेती है, प्राकृतिक खेती में एक गाय 30 एकड़ की खेती करवा सकती है, उन्हें बताया कि गए के गोबर व मूत्र से किस प्रकार जीवामृत, घनजीवमृत किस प्रकार बनाया जाता है विस्तार पूर्वक जानकारी दी।

# 54 नशा पीड़ितों ने करवाया रजिस्ट्रेशन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जींद


जींद। कार्यक्रम को संबोधित करते डीएसपी। फोटो :हरिभूमि

हिसार मंडल के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक कृष्ण कुमार राव मार्गदर्शन तथा एसपी कुलदीप सिंह नेतृत्व में मंगलवार को गांव पीपलथा में एक दिवसीय नशा मुक्ति कैंप लगाया गया। जिसमें 54 नशा पीड़ितों ने अपना रजिस्ट्रेशन करवाया। जिनका इलाज भी शुरू करवाया गया। कार्यक्रम के मुख्यअतिथि नरवाना के डीएसपी कमलदीप सिंह ने कहा कि समाज में बढ़ता ड्रग्स का प्रचलन एक बड़ी समस्या है। समय रहते इस बुराई पर अंकुश लगाना जरूरी है। गांव में आयुष्मान विभाग के सहयोग से कैंप लगाया। जिसमें गांव के नशा पीड़ितों को समय पर दवाई दी गई ताकी पीड़ित नशा छोड़ कर सही दिशा में आगे बढ़ सके। इस मौके पर गांव के पीएमश्री राजकीय स्कूल में छात्रों को नशा तथा साइबर क्राइम को लेकर जागरूक भी किया गया। साथ में स्कूल परिसर मे पौधा रोपण किया गया। कैंप में आयुर्वेदिक डॉक्टर भारत कोशिक, फार्मासिस्ट नवदीप, योग सहायक कुलदीप, सतीश, ग्राम पंचायत व नशा मुक्ति टीम ने अपना सहयोग दिया। नशा मुक्ति टीम प्रभारी उप निरीक्षक नरेश ने बताया कि गांव पिपलथा में डोर टू डोर सर्वे कर ड्रग्स पीड़ितों की पहचान गई। इलाज करवाने वालो मे 24 ड्रग्स पीड़ित और 30 अत्यधिक शराब का सेवन करने वाले लोग रहे।


जींद। मौसमी बीमारियों को लेकर जागरूक करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### मच्छरजनित बीमारियों से बचाव की दी जानकारी

**जींद।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दरियावाला के तहत जुलानी गांव में पवन श्योकंद, पूनम व आशा वर्करों ने गांव में रैपिड फीवर मास सर्वे किया व नुक्कड़ सभाएं करके मलेरिया, डेंगू बुखार के कारण, लक्षण, बचाव बारे जागरूक किया। इस दौरान स्वास्थ्यकर्मियों की टीम द्वारा छतों पर पड़े कबाड़ को साफ करवाया, टंकी, कूलर, होदी व फ्रिज के पीछे लगी वेस्ट ट्रे के पानी मे लार्वा की जांच की गई। पवन श्योकंद ने मलेरिया बुखार के लक्षण बताते हुए कहा कि इसमें कंपकपी के साथ बुखार आता है और पसीना आकर बुखार उतर जाता है। इसके अलावा सिर दर्द, उल्टी व दस्त ए चक्कर आना, जी मचलना व पूरे शरीर मे थकावट होती है। बचाव के तरीके बताते हुए कहा कि अपने आसपास पानी न खड़ा होने दें। अगर पानी खड़ा है तो उसमें काला तेल डाल दें। कूलर का पानी सप्ताह में एक बार अवश्य बदल दें। मच्छरदानी लगा कर सोएं और ध्यान रखें कि उस पर मच्छर मारनेवाली दवा लगी हो व उसमें कोई छेद न हो और वह कहीं से फटी न हो तथा वह अच्छी तरह लगी हो ताकि मच्छर अंदर न आएं।

## प्ले स्कूल का संचालन प्रतिदिन तीन से चार घंटे तक सीमित

# निजी प्ले स्कूलों का पंजीकरण, नवीनीकरण अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जींद



लघु सचिवालय।

जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग सीमा रोहिल्ला ने जानकारी देते हुए बताया कि तीन जुलाई को जारी आदेशों की अनुपालना में सभी प्राइवेट प्ले स्कूलों का पंजीकरण, नवीनीकरण एक वर्ष की अवधि के लिए राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग, नई दिल्ली द्वारा निर्धारित दिशानिर्देशों के अनुरूप किया जाना अनिवार्य है। यह पंजीकरण प्रक्रिया ऑनलाइन माध्यम से की जाती है, जिसके लिए स्कूल संचालक सरल पोर्टल सरल हरियाणा डॉटएनआईसीडॉटइन पर आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने जिले के समस्त प्राइवेट प्ले स्कूल संचालकों से आग्रह किया कि वे सत्र 2025-26 के लिए समय पर पंजीकरण, नवीनीकरण सुनिश्चित करें। डीपीओ रोहिल्ला ने अभिभावकों से भी अपील की कि वे अपने बच्चों का दाखिला करवाने से पूर्व संबंधित प्ले स्कूल की मान्यता की स्थिति अवश्य जांचें ताकि बच्चों को एक सुरक्षित, स्वच्छ और बाल हितकारी वातावरण में शिक्षा मिल सके। उन्होंने बताया कि प्ले स्कूलों को पंजीकरण के लिए कुछ मापदंडों को पूरा करना अनिवार्य है। जिनमें हर वर्ष मान्यता का नवीनीकरण, पिछले तीन वर्षों की ऑडिट रिपोर्ट, फायर सेफ्टी सर्टिफिकेट, पीने योग्य जल का प्रमाण पत्र, पोक्सो, चाइल्ड लेबर एवं जेजे एक्ट की अनुपालना के लिए शपथ पत्र शामिल हैं। इसके अतिरिक्त केवल तीन से छह वर्ष की आयु के बच्चों का ही दाखिला लिया जा सकता है और प्ले स्कूल का संचालन प्रतिदिन तीन से चार घंटे तक सीमित होना चाहिए। प्रत्येक 20 बच्चों पर एक शिक्षक और एक केयरटेकर की नियुक्ति अनिवार्य है।

### वेबसाइट पर जानकारी उपलब्ध

जिला कार्यक्रम अधिकारी सीमा ने बताया कि पंजीकरण की यह प्रक्रिया न केवल स्कूलों को विधिक रूप से मान्यता प्रदान करती है बल्कि इससे अभिभावकों को यह विश्वास भी प्राप्त होता है कि उनके बच्चे एक सुरक्षित व नियंत्रित वातावरण में शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पंजीकरण प्रक्रिया एवं दिशा-निर्देशों की विस्तृत जानकारी राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग की वेबसाइट एनसीपीसीआर डॉट जीओवी डॉट इन पर उपलब्ध है। किसी भी प्रकार की सहायता के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग जींद के दूरभाष नंबर 01681-245003 पर संपर्क किया जा सकता है।


जींद। रक्तदाताओं की हौंसलाअफजहाजी करते दुष्यंत चौटाला।

### रक्तदान शिविर का आयोजन

**जींद।** इनसो पार्टी के स्थापना दिवस के उपलक्ष में मंगलवार को जाट धर्मशाला में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्यअतिथि के तौर पर पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला रहे। उन्होंने रक्दाताओं की हौंसलाअफजाही की। इनसो पार्टी के इस आयोजन ने दिखाया कि राजनीति और समाज सेवा एक दूसरे से जुड़े हुए हैं। पार्टी ने रक्तदान जैसे महत्वपूर्ण कार्य के माध्यम से समाज के प्रति अपनी जिम्मेदीरी निभाई और इस शिविर में एकत्रित होकर खून की इकाइयों का उपयोग जरूतमंद मरीजों के लिए किया जाएगा। इस मौके पर जोरा सिंह डूमरखां, सुनील कंडेला, विकास सिहाग, विकास, दीपक देशवाल, केसी रंधावा, राजेंद्र लितानी, राष्ट्रीय सचिव ईश्वर उझाना, राममेहर ठाकुर, कृष्ण राठी सुनील कंडेला सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### बाइक चोरी के उद्घोषित आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** पीओ पकडो स्टाफ प्रभारी एस आई ओमप्रकाश की अगुवाई में एसआई सतीश कुमार की टीम द्वारा आरोपी फरल निवासी लवप्रीत उर्फ लाडी को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि आरोपी लवप्रीत पर 21 जुलाई 2020 को पूंडरी से एक बाइक चोरी करने का आरोप है। जिस बारे थाना पूंडरी में मामला दर्ज है।

### महाविद्यालय में किया पुस्तक का विमोचन

**कैथल।** आरकेएसडी महाविद्यालय, कैथल के वाणिज्य विभाग के अध्यक्ष प्रो अजय शर्मा एवं डॉ बबीता गर्ग द्वारा कॉस्ट अकाउंटिंग (लागत लेखांकन) के शीर्षक के साथ बी.कॉम के विद्यार्थियों के लिए लिखी पुस्तक का विमोचन प्राचार्य डॉ राजबीर पाराशर ने किया एवं इसके लेखकों को बधाई दी। यह पुस्तक विद्यार्थियों को लागत से संबंधित अनेकों विषयों- टेंडर प्राइस, सर्विस कास्टिंग, कोटेशन, लागत नियंत्रण, लागत का घटाव के बारे में जानकारी उपलब्ध करवाएगी।

### पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया

**पूंडरी।** गांव फतेहपुर, पूंडरी। जिला पार्षद देवेंद्र शर्मा ने अपने पिता की पुण्यतिथि को यादगार बनाते हुए गांव फतेहपुर में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर उन्होंने माता मनसा देवी मंदिर परिसर सहित विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर दर्जनों पौधे लगाए।

### विश्वविद्यालय में संस्कृत सप्ताह का आयोजन

**कैथल।** संस्कृत भाषा के महत्व और भारतीय ज्ञान-परंपरा को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से महर्षि वाल्मीकि संस्कृत विश्वविद्यालय, कैथल में 'संस्कृत सप्ताह' के तहत विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। कुलपति प्रो. राजबीर सिंह के संरक्षण में विश्वविद्यालय के भारतीय ज्ञान-परंपरा शोध एवं प्रशिक्षण केंद्र और संस्कृत भारती के संयुक्त तत्वावधान में दस दिवसीय दो संभाषण प्रशिक्षण शिविरों का शुभारंभ हुआ।

### "हर घर तिरंगा, को लेकर दिए दिशा-निर्देश

**कैथल।** "हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता – स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग" अभियान को लेकर मंगलवार को जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के वासो के जिला जिला सलाहकार दीपक कुमार द्वारा सभी ब्लॉक रिसोर्स कोर्डिनेटरों की बैठक ली गई और अभियान के सुचारू क्रियान्वयन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। बैठक में बताया गया कि यह अभियान 15 अगस्त तक चलेगा। जिसमें गांवों, पंचायतों, ग्राम जल एवं सीवरेज समिति, विद्यालयों, अमृत सरोवरों, सार्वजनिक जल स्त्रोतों एवं सामुदायिक स्थलों पर स्वच्छता, जल संरक्षण, जनजागरूकता तथा तिरंगा सम्मान से संबंधित गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी। सभी बीआरसी को निर्देश दिए गए कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में ग्राम पंचायत स्तर पर साफ-सफाई, जल स्त्रोतों की सजावट करें।

### कोटिकूट तीर्थ क्योड़क में किया गया मत्स्य पुनर्वासिन एवं संरक्षण कार्यक्रम आयोजन

# मछली पालन आमदनी बढ़ाने का अच्छा साधन, इसे अपनाएं: डीसी

सरकार की सोच है कि मत्स्य पालन के साथ साथ मछली संरक्षण किया जाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



**जींद।** डीसी प्रीति क्योडक के तालाब में मछली छोडते हुए फोटो : हरिभूमि

जिला मत्स्य विभाग द्वारा मंगलवार को कोटिकूट तीर्थ क्योड़क में मछलियों के संरक्षण के लिए मत्स्य पुनर्वास एवं संरक्षण (रैंचिंग) कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डीसी प्रीति ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की और मछली बीज सरोवर में छोड़ा। इस अवसर पर डीसी प्रीति ने ग्रामीणों की समस्याएं भी सुनी और उनके जल्द समाधान का आश्वासन भी दिया। डीसी प्रीति ने कहा मछली पालन आमदनी का महत्वपूर्ण साधन है। इसके साथ साथ यह जलाशयों का सदुपयोग का अच्छा माध्यम है। सरकार की सोच है कि मत्स्य पालन के साथ साथ मछली संरक्षण किया जाए, जिसके लिए रैंचिंग कार्यक्रम की शुरूआत की गई है। इसके माध्यम से मछली संसाधनों का उचित प्रबंधन के साथ साथ मछलियों की संख्या बढ़ाना और किसान की आजीविका को सुरक्षित रखना है। रैंचिंग एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें युवा मछलियों को प्राकृतिक जल स्त्रोतों जैसे नदियों या तालाबों में छोड़ा जाता है ताकि उनकी आबादी को बढ़ाया जा सके। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मछली प्रजातियों के संरक्षण एवं संवर्धन को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि मछली पालन कम लागत में ज्यादा मुनाफे का साधन है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा विभिन्न प्रकार की योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिसमें प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना है। जिसके तहत अनुदान दिया जा रहा है, ताकि मत्स्य पालकों की आमदनी को बढ़ा कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाया जा सके। उन्होंने मत्स्य पालकों और आम जनता से इस मुहिम में सक्रिय रूप से भाग लेने का आह्वान किया। इसके अलावा उन्होंने ग्रामीणों से यातायात नियमों का पालन करने, नशे से दूर रहने तथा बच्चों की शिक्षा पर बल देने का आह्वान भी किया। उन्होंने कहा कि यातायात नियमों का पालन करके आप अपना तथा दूसरों का बहुमूल्य जीवन बचा सकते हैं और वहीं नशे से दूर रहकर आप मजबूत एवं सशक्त राष्ट्र एवं समाज के निर्माण में अपना सक्रिय योगदान दे सकते हैं। अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा एवं अच्छे संस्कार दें, ताकि वे जीवन में सफल हो सकें। जिला मत्स्य अधिकारी दिलबाग ने कहा कि किसान मत्स्य पालन करके अपनी आय बढ़ा सकते हैं। जिले में इस समय करीब 802 हेक्टेयर क्षेत्र में मछली पालन किया जा रहा है।

**समाधान करवाने के दिए निर्देश**

इस अवसर पर सरपंच जसबीर सिंह ने गांव में खराब जल घरों के ट्यूबवेल को ठीक करवाने, गांव में तालाब की सफाई करवाने, सीवरेज की सफाई करवाने तथा बारिश के कारण कुछ लोगों के गिरे हुए मकान बनवाने की मांग रखी। डीसी प्रीति ने उन्हें आश्वासन दिया कि जल्द ही इन समस्याओं का समाधान करवाया जाएगा। गांव वासियों ने गांव में पहुंचने पर डीसी का स्वागत किया। डीसी ने उन्हें आश्वासन दिया कि वे अपनी समस्याओं के लिए किसी भी समय उनके कार्यालय में आकर मिल सकते हैं। गांव वासियों ने जो समस्याएं रखी हैं, उनका जल्द से जल्द समाधान करवाया जाएगा।



**राजौंद।** कार्यक्रम में भाग लेते हुए छात्र छात्राएं व स्टाफ सदस्य।

## कॉलेज में विद्यार्थियों के लिए ओरीएंटेशन कार्यक्रम करवाया

- विद्यार्थियों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की प्रमुख विशेषताओं से अवगत करवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

राजकीय महाविद्यालय राजौंद में शैक्षणिक सत्र 2025–2026 के नवप्रवेशी विद्यार्थियों के लिए एक भव्य ओरीएनंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को महाविद्यालय के शैक्षणिक, सांस्कृतिक और प्रशासनिक परिवेश से परिचित करवाना था। साथ ही उन्हें राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की प्रमुख विशेषताओं से अवगत करवाना भी था। कार्यक्रम की शुरुआत वरिष्ठतम प्राध्यापक डा. रोहताश के स्वागत भाषण से हुई। जिसमें उन्होंने एन. ई. पी. 2020 की मुख्य बातों जैसे कौशल विकास,विषय चयन की स्वतंत्रता और बहुविषयक शिक्षा प्रणाली की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इस दौरान प्राचार्य राम मेहर सिंह ने विद्यार्थियों को आचार संहिता की जानकारी दी और महाविद्यालय में अनुशासन व अध्ययनशीलता के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने इंटर्नशिप की आवश्यकता पर बल दिया और बताया कि यह भविष्य के रोजगार में सहायक होती है। रविंद्र ने विश्वविद्यालय परीक्षाओं, मूल्यांकन पद्धति और विद्यार्थियों को बस पास प्राप्त करने की प्रक्रिया की जानकारी दी। कार्यक्रम में सुदेश ने छात्रवृत्ति योजनाओं,अर्न वाइहल यू लर्न योजना, मेंटोर-मेंटे कार्यक्रम और मतदाता क्लब की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम की सफलतापूर्वक संचालन में गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों – अशोक, प्रदीप, दीपक, प्रवीण, कुमारी निशु, सीमा और तरुण का विशेष सहयोग रहा।

## खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का जोरदार शुभारंभ

- प्रतियोगिता में खंड के लगभग 30 विद्यालयों ने हिस्सा लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला चीका



राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, चीका में खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रधानाचार्य मेधाव्रत एवं खंड नोडल अधिकारी पीटीआई मेहताब सिंह द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य मेधाव्रत ने सभी प्रतिभागियों और उनके प्रशिक्षकों को खेलों के माध्यम से जीवन में अनुशासन, समर्पण और स्वास्थ्य के महत्व को विस्तार से समझाया और इसके पालन हेतु प्रेरित किया। खंड नोडल अधिकारी मेहताब सिंह ने भी खिलाड़ियों को सच्ची निष्ठा व लगन से खेलों में भाग लेने की प्रेरणा दी। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में खंड के लगभग 30 विद्यालयों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में खो-खो, कबड्डी, बैडमिंटन, वॉलीबॉल, शतरंज और योग जैसे विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया। इस आयोजन में डीपीई नछतर सिंह, मनिंदर सिंह, अमनदीप कौर, संदीप चहल, पीटीआई भारत भूषण, इंद्रावती, कुशल शर्मा व कुलदीप सिंह सहित कई अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे।

**परिणाम इस प्रकार रहे**

**खो-खो (लड़के, अंडर-14 आयु वर्ग)**

**प्रथम स्थानः** सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल, हरिगढ़ किंगन
**द्वितीय स्थानः** शांति निकेतन, पीडल
वॉलीबॉल (अंडर-17 आयु वर्ग):
**प्रथम स्थानः** सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल, हरिगढ़
**द्वितीय स्थानः** जीएसएसएस, टटियाना
कबड्डी (अंडर-17 आयु वर्ग):
**प्रथम स्थानः** सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल, हरिगढ़ किंगन
द्वितीय स्थानः सरदार कर्म सिंह स्कूल
कबड्डी (अंडर-14 आयु वर्ग):
**प्रथम स्थानः** कुरुक्षेत्रा पब्लिक स्कूल, भागल
**द्वितीय स्थानः** सरदार कर्म सिंह स्कूल

## भारत विकास परिषद द्वारा विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन, 69 यूनिट रक्त एकत्रित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी



**पूंडरी।** रक्तदाता को बेच लगाते हुए मुख्य अतिथि व अन्य।

पूंडरी में भारत विकास परिषद के तत्वावधान में एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस सेवा भाव से आयोजित शिविर में 69 यूनिट रक्त रेड क्रॉस ब्लड बैंक द्वारा एकत्रित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष ज्योति सैनी व वशिष्ठ अतिथि के रूप में सरपंच लाभ सिंह जांबा नें भाग लिया। अध्यक्षता परिषद के शाखा अध्यक्ष प्रवीण मित्तल ने की। मुख्य अतिथि व वशिष्ठ अतिथि नें रक्तदाताओं को बेच लगाकर सम्मानित किया। मुख्यातिथि ने कहा कि रक्तदान एक महान कार्य है, जिससे किसी अनजान व्यक्ति को नया जीवन दिया जा सकता है। इस अवसर पर सरपंच लाभ सिंह जांबा ने वशिष्ठ अतिथि के रूप में भाग लेते हुए युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि रक्तदान सिर्फ ज़रूरतमंद की मदद नहीं करता, बल्कि यह समाज में एकता, सेवा और सहयोग की भावना को भी मजबूत करता है। शिविर में पार्षद अमित सैनी, परिषद अध्यक्ष प्रवीण मित्तल, संरक्षक विनोद बंसल, कोषाध्यक्ष राजेश शर्मा, पर्यावरण उपाध्यक्ष नवीन टाया, महिला संयोजक निधि मोहन, वंदना मित्तल, बलविंदर वालिया, जिला सह-समन्वयक हर्ष सेठी, मदन मोहन, राजेश कुकरेजा, कार्यक्रम संयोजक धर्मेंद्र, सचिन उप्पल, अशोक सैनी मौजूद रहे।



**राजौंद।** विजेता टीम का स्कूल पहुंचने पर स्वागत करते हुए मैनेजमेंट वे स्टाफ

### प्रतियोगिता में एसडीएम इंटरनेशनल स्कूल राजौंद के विद्यार्थियों का रहा शानदार प्रदर्शन

**राजौंद।** गांव रोहेड़ा के राजीव गांधी खेल स्टेडियम में शुरू हुई खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में एसडीएम इंटरनेशनल स्कूल राजौंद के विद्यार्थियों का रहा शानदार प्रदर्शन। खेलकूद प्रतियोगिता में बच्चों ने लिया बढ़-चढ़कर भाग। स्कूल के प्रधानाचार्य संजीव कुमार शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि अंडर 14 में रेस प्रतियोगिता की 200 मीटर रेस में लक्ष्य ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया, इसी तरह अंडर 17 में रिले रेस में द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जैवलिन थ्रो अंडर 17 में विनय राणा ने प्रथम व दीपक ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि जीत के बाद सभी टीम सदस्यों का स्कूल में पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। स्कूल प्रधानाचार्य ने इस के लिए बच्चों को शुभकामनाएं दी। इस दौरान स्कूल के डायरेक्टर जयपाल शर्मा ने बच्चों को खेल के माध्यम से पढ़ो व आगे बढ़ो का दिया संदेश।उन्होंने सभी विद्यार्थियों को आगे होने वाली प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया।

## हर घर तिरंगा यात्रा को लेकर भाजपा ने बैठक करके बनाई रणनीति

- अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प और देशभक्ति की भावना को जन-जन तक पहुंचाने का माध्यम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



**कैथल।** पूर्व मंत्री असीम गोयल कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित करते हुए।

भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय, कपिल कमल कैथल में आज एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष ज्योति सैनी ने की। बैठक में जिले के सभी नेतागण, पदाधिकारीगण, मंडल अध्यक्ष एवं महामंत्री मौजूद रहे। इस अवसर पर हरियाणा सरकार के पूर्व मंत्री एवं /"हर घर तिरंगा - तिरंगा यात्रा/" प्रदेश समिति के प्रदेश संयोजक असीम गोयल विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने आगामी 10 से 13 अगस्त 2025 तक जिले के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र व मंडलों में तिरंगा यात्रा के आयोजन को लेकर विस्तृत मार्गदर्शन दिया। असीम गोयल ने कहा कि /"हर घर तिरंगा/" अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प और देशभक्ति की भावना को जन-जन तक पहुंचाने का माध्यम है। उन्होंने सभी मंडलों से आह्वान किया कि यात्रा से पूर्व स्वतंत्रता सेनानियों की प्रतिमाओं, प्रमुख स्थलों व चौकों पर विशेष साफ-सफाई अभियान चलाया जाए, ताकि तिरंगे के प्रति सम्मान और अधिक भावपूर्ण हो। भाजपा जिलाध्यक्ष ज्योति सैनी ने कहा कि जिले में /"हर घर तिरंगा/" अभियान को ऐतिहासिक बनाने के लिए भाजपा कार्यकर्ता तन-मन-धन से जुटें।

## जनशिक्षा और धर्म निरपेक्षता की अलख एसटीएफआई का रजत जयंती दिवस मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल




**जींद।** बैठक उपरांत नारेबाजी करते अध्यापक।

जवाहर पार्क में आयोजित स्कूल टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के रजत जयंती दिवस की अध्यक्षता जिला प्रधान रामफल दयोहरा जी ने की एवं संचालन अध्यापक संघ के जिला सचिव अमरनाथ किठानिया ने किया। बैठक में लंबे अर्से में लक्ष्यों से दूरी को कम करने के लिए शिक्षा के क्षेत्र में पिछले 25 वर्षों से किए गए संघर्षों को याद करते हुए, आगे की दिशा तय करने पर भी चिंतन किया गया। वक्ता के तौर पर एसटीएफआई के संघर्षों व भविष्य के महत्व पर रामपाल शर्मा राज्य महासचिव ने हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ ने वर्तमान दौर की शिक्षा की चुनौतियां एवं स्टेक होल्डर पर उनके प्रभाव एवं सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा की उपलब्धियों तथा व्यापक एकता का प्रभाव विषय पर शिवचरण जिला प्रधान सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा व चतुर्थ श्रेणी के राज्य महासचिव कपिल सिरोही ने विचार साझा किए। रामपाल शर्मा राज्य महासचिव ने एसटीएफआई के 25 वर्ष पूरे होने पर रजत जयंती के बारे में प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि वर्तमान प्राइवेटाइजेशन के दौर में जब शिक्षा सहित सभी कार्य राज्य सूची व समवर्ती सूची में मात्र सैद्धांतिक रूप से बचे हों, व्यवहारिक रूप से सभी में अति केन्द्रीयकरण हो चुका हो।

## राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ में बॉक्सिंग खिलाड़ियों ने जीते 11 पदक

**कैथल।** प्रदेश के चार जिलों में हुए पहले चरण के राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ के खेल संपन्न हो चुके हैं। कैथल से विभिन्न 11 खेलों में 271 खिलाड़ियों ने भाग लिया था। खिलाड़ियों ने बाक्सिंग, ताइक्वांडो और एथलेटिक्स खेलों में कुल 17 पदक जीते हैं। जिले के बाक्सिंग खिलाड़ियों ने रोहतक में हुए मुकाबलों में 11 पदक अपने नाम किए हैं। खिलाड़ियों ने चार स्वर्ण पदक, एक रजत और छह कांस्य पदक जीते हैं। स्पर्धा में लड़कियों ने टीम ने ओवरआल दूसरा और लड़कों की टीम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया है। फरीदाबाद में हुए ताइक्वांडो खेलों में चार और पंचकूला में हुए एथलेटिक्स में दो खिलाड़ियों ने पदक जीते हैं। बाक्सिंग स्पर्धा के लिए सुनील कुमार और देवेंद्र भाणा को टीम इंचार्ज और अमरजीत सिंह को ओवरआल इंचार्ज बनाया था।

**इस प्रकार से रहे परिणाम**

बाक्सिंग में खिलाड़ी पायल ने 54 किलो भारवर्ग में फतेहाबाद की खिलाड़ी खुशबू हो हराकर स्वर्ण पदक जीता। खिलाड़ी जन्नत ने 57 किलो में चरखी दादरी की खिलाड़ी प्रिया को हराकर स्वर्ण पदक जीता। खिलाड़ी अंजू ने 70 किलो में फतेहाबाद की खिलाड़ी पूजा को हराकर स्वर्ण पदक जीता। खिलाड़ी प्रिंस ने 90 किलो में पानीपत के खिलाड़ी अरमान को हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। खिलाड़ी कर्ण ने 80 किलो में रजत पदक, खिलाड़ी आशीष ने 65 किलो में कांस्य, कार्तिक ने 60 किलो में कांस्य, अंकुश ने 70 किलो में कांस्य, दीपक ने 55 किलो में कांस्य, सुनीता ने 80 किलो में कांस्य और भूमिका ने 60 किलो में कांस्य पदक हासिल किया। ताइक्वांडो स्पर्धा में जिले के तीन खिलाड़ियों ने ग्रुप इवेंट में स्वर्ण पदक, नितिन ने रजत पदक, आर्यन ने कांस्य जीता।

### 26 अगस्त को मनाया जाएगा राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस

# बच्चों और किशोरों को खिलाई जाएंगी एल्बेंडाजोल की गोलियां

- एडीसी ने ली जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक, अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



**कैथल।** एडीसी दीपक बाबूलाल करवा अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

एडीसी दीपक बाबूलाल करवा ने कहा कि आगामी 26 अगस्त को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाया जाएगा। सभी संबंधित विभाग स्वास्थ्य विभाग से तालमेल करके इसे सफल बनाएं। इस दिन जिला के एक वर्ष से 19 वर्ष के 4 लाख छह हजार 336 बच्चों एवं किशोरों को एलबेंडाजोल की गोलियां खिलाने का लक्ष्य रखा गया है। सुनिश्चित किया जाए कि जिला का एक भी बच्चा एलबेंडाजोल की गोली खाने वंचित न रहे। एडीसी दीपक बाबूलाल करवा मंगलवार को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम के आयोजन को लेकर स्वास्थ्य विभाग के साथ साथ अन्य विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दे रहे थे। उन्होंने कहा कि जिला के राजकीय व निजी स्कूलों में पढ़ रहे करीब दो लाख 13 हजार 218 बच्चों और आंगनवाड़ी में आने वाले करीब 89 हजार 606 बच्चों, करीब एक लाख दो हजार 544 आउट आफ स्कूल बच्चे तथा इसके साथ ही 19 से 24 वर्ष की 29 हजार 663 महिलाओं को कवर करने का लक्ष्य रखा गया है। जो बच्चे 26 अगस्त को किसी कारणवश गोली लेने से छूट जाते हैं, उनको दो सितंबर को यह गोली हर हाल में खिलाई जाए। एडीसी ने शिक्षा विभाग और महिला एवं बाल विकास विभाग को निर्देश दिए कि स्वास्थ्य विभाग के साथ मिलकर बच्चों को समयबद्ध गोलियां खिलाएं। इसके साथ ही एनसीसी तथा एनएसएस के बच्चों के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। रोजगार विभाग उद्योगों एवं लेबर साइटस पर रह रहे बच्चों की संख्या साझा करने के साथ साथ उन्हें गोली खिलाने में सहयोग करें। इसके साथ ही खंड वाईज टीमें बनाएं और आंगनवाड़ी वर्कर, आशा वर्कर, अध्यापकगण आदि इसमें अपना पूरा योगदान दें। सीएमओ डॉ. रेणू चावला ने कहा कि इस दिन को मनाने का उद्देश्य है बच्चों में बढ़ रही कृमि संक्रमण को रोकना और इससे बचाव के प्रति जागरूकता फैलाना है। उन्होंने कहा कि बच्चों में पेट के कीड़ों से खून की कमी से अनिमिया हो जाता है।

## खबर संक्षेप

### ढांड में कार्यकर्ताओं ने शिवदास घोष को श्रद्धांजलि

**ढांड।** क्रांतिकारी पार्टी एसयूसीआई (कम्युनिस्ट) की जिला कमेटी की बैठक सोमवार को ढांड कार्यालय में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला सचिव कॉमरेड राजकुमार सारसा ने की, जबकि संचालन कॉमरेड कृष्ण चंद ने किया। इस अवसर पर महान स्वतंत्रता सेनानी एवं पार्टी के संस्थापक महामंत्री कॉमरेड शिवदास घोष की जयंती पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई तथा पार्टी का झंडा फहराया गया। जिला सचिव ने बताया कि बैठक में निर्णय लिया।

### सरकार ने बजट किया जारी, भुगतान शुरू

**जींद।** हरियाणा की राज्य स्वास्थ्य एजेंसी (एसएचए) ने कहा है कि राज्य सरकार से चार अगस्त को बजट प्राप्त हो गया है। पैनल के अस्पतालों को पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत बकाया पैसे का भुगतान शुरू कर दिया गया है। प्रवक्ता ने बताया कि आईएम द्वारा 28 जुलाई को एक पत्र जारी कर आयुष्मान योजना के बकाया भुगतानों न होने से सात अगस्त से इस योजना के तहत सेवाओं को रोकने की बात कही थी।

### मनरेगा मजदूर व संघर्ष मंच ज्ञापन सौंपा

**नरवाना।** मंगलवार को मनरेगा मजदूरों व जनसंघर्ष मंच ईकाई द्वारा मनरेगा मजदूरों की मांगों को लेकर सभा की व अम्बेडकर भवन नरवाना से एसडीएम कार्यालय तक प्रदर्शन कर एसडीएम को अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा। जिसमें सैकड़ों मजदूरों ने हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम का आयोजन का० सत्यवीर सिंह प्रदेश उपाध्यक्ष मनरेगा युनियन हरियाणा की अध्यक्षता में किया गया।

### 40 वर्षीय महिला के साथ देवर ने किया दुष्कर्म

**कैथल।** पूंडरी थाना के गांव में 40 वर्षीय महिला के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पड़ोस में रहने वाले व रिश्ते में देवर लगने वाले युवक पर ही महिला के साथ जबरदस्ती रेप करने का आरोप है। इस संबंध में महिला ने पूंडरी थाना में शिकायत दी है। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।
महिला ने पुलिस को शिकायत दी कि 2 अगस्त को रात के समय वह घर पर अकेली थी। परिवार के सभी सदस्य किसी काम से बाहर गए हुए थे। इस दौरान रात को करीब 9:30 बजे अमन नाम का युवक उसके घर में घुस गया और उसके साथ रेप किया।

### सुरेंद्र जागलान बने वर्कर्स सब यूनिट प्रधान

**जींद।** एचएसईबी वर्कर्स यूनियन सिटी सब यूनिट का त्रिवार्षिक चुनाव मंगलवार को आयोजित किया गया। चुनाव सर्कल सचिव राजेश आसन, यूनिट प्रधान हरिओम, यूनिट सचिव धर्मवीर सिंह, वित्त सचिव जगदीश की अध्यक्षता में हुआ। इसमें सुरेंद्र जागलान को प्रधान, अनिल को उप प्रधान, महेश सैनी को सचिव, सुशील को सहसचिव, अनिल सरोहा को कोषाध्यक्ष, वरूण वशिष्ठ को संगठनकर्ता चुना गया। चुनाव सिटी सब डिवीजन के समस्त कर्मियों ने भाग लिया।

---

### रेहडी वालों ने प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी कर जताया विरोध

# प्रशासन ने चीका के पटियाला रोड़ से अवैध कब्जे हटवाए

प्रशासन को आमजन की तरफ से नियमित रूप से की जा रही थी बाजार और मुख्य मार्गों पर किए गए अवैध अतिक्रमण हटाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुहला चीका

अवैध कब्जा हटाओ अभियान के तहत एसडीएम गुहला कैप्टन प्रमेश सिंह ने चीका शहर की पटियाला रोड़ से अवैध कब्जे हटवाए। अवैध कब्जा हटाओ अभियान का नेतृत्व स्वयं एसडीएम कर रहे हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रशासन के पास लगातार आम लोगों की ऐसी शिकायतें मिल रही थी कि लोगों ने सडक़ों पर अवैध कब्जे कर लिए हैं और उक्त कब्जों के चलते सडक़ों पर भीड़ इतनी ज्यादा हो जाती थी कि लगातार दुर्घटनाएं हो रही थी और दुर्घटनाओं में कई लोगों की तो जान भी जा चुकी है, जिसके चलते सडक़ों पर भीड़ ना हो, नगरपालिका प्रशासन ने सडक़ों के दोनों तरफ एक पीली पट्टी भी खींची थी, जिसे लक्ष्मण रेखा का नाम दिया गया था परंतु आरोप है कि रेहड़ी चालकों ने उसे भी लांघ दिया, जिसके चलते प्रशासन को उनके खिलाफ कार्रवाई की गई।




गुहला चीका। अवैध कब्जों पर चल रहा प्रशासन का पीला पंजा व नारेबाजी करते हुए समाजसेवी व रेहड़ी चालक। फोटो : हरिभूमि

#### गरीब रेहड़ी वालों के पेट पर मारी लात

रेहड़ी वालों का समर्थन करने आए शहर के दो हरदीप बदसूई एवं दीपक शर्मा ने भी प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी में भाग लिया और बाद में पत्रकारों से बातचीत करते हुए प्रशासन पर आरोप लगाया कि अवैध कब्जा हटाओ अभियान के नाम पर एस.डी.एम. की कार्रवाई गरीब रेहड़ी वालों के पेट पर लात मारने जैसी है। सरकार व प्रशासन नशे के खिलाफ लोगों को जागरूक कर रह है और दूसरी तरफ गरीब लोगों को उजाड़ा जा रहा है। उन्होंने कहा कि जब ये गरीब रेहड़ी वाले सडक़ पर आ जाएंगे, तो अपने बच्चों का पेट पालने के लिए मजबूरन नशा बेचेंगे, चोरी करेंगे और दूसरे गैर कानूनी कार्य करेंगे। हरदीप व दीपक ने प्रशासन की कार्रवाई का जमकर विरोध किया और प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सैनी से मांग की कि प्रशासन की तानाशाही तुरंत बंद करवाई जाए।

#### कई दिन पहले ही दे दिया था नोटिस

गुहला के उपमंडल अधिकारी नागरिक कैप्टन प्रमेश सिंह ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि किसी भी रेहड़ी वाले का हटाया नहीं जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिन रेहड़ी वालों ने अपनी रेहड़ियों पर बड़ी बड़ी तिरपालें लगाकर अवैध कब्जे किए हुए हैं और जो लक्ष्मण रेखा को लांघ रहे हैं, उनके खिलाफ कार्रवाई चालान काटने व अन्य प्रकार की कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। पत्रकारों ने जब एसडीएम से यह प्रश्न किया कि राखी का त्यौहार नजदीक है और प्रशासन की कार्रवाई से उनका धंधा चौपट हो जाएगा, तो उन्होंने कहा कि इनको काफी दिन पहले ही नोटिस दिया गया था परंतु उक्त लोगों ने नोटिसों को नजरन्दाज किया, जिसके चलते कार्रवाई करनी पड़ी।

#### एक तरफ चला रहा था बुल्डोजर, दूसरी तरफ विरोध में नारेबाजी

एक तरफ जहां प्रशासन कथित अवैध कब्जों पर पीला पंजा चलाकर उन्हें ध्वस्त कर रहा था, ठीक वहीं रेहड़ी वाले व कुछ समाजसेवी उपायुक्त कैथल एवं एसडीएम गुहला के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर रहे थे। मजे की बात तो यह रही कि जब नारेबाजी हो रही थी, ठीक उसी समय एसडीएम भी मौके पर मौजूद थे और उन्होंने नारेबाजी के बीच में भी अवैध कब्जे हटाने जारी रखे, जिससे लोगों में भारी रोष व्याप्त हो गया।

---

# विभाग समयबद्ध अवधि में पूरा करें अपना दायित्व



जींद। दिशा-निर्देश देते हुए एसडीएम पुलकित। फोटो :हरिभूमि

- स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों में नहीं रहे कोई कमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

सफीदों एसडीएम पुलकित मल्होत्रा ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस केवल एक राष्ट्रीय पर्व ही नही बल्कि देशवासियों के लिए गर्व और सम्मान का दिन है। यह दिन हमारे स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को याद करने और देश के प्रति अपनी निष्ठा को दोहराने का अवसर होता है। स्वतंत्रता दिवस के आयोजन को पूर्ण गरिमा और सम्मान के साथ मनाया जाए। आयोजन से जुड़े सभी विभागों को सौंपे गए दायित्वों का समयबद्ध रूप से निर्वहन करना सुनिश्चित करना चाहिए। किसी भी प्रकार की तैयारियों में कमी नहीं रहनी चाहिए। एसडीएम पुलकित मल्होत्रा ने मंगलवार को लघु सचिवालय के सभागार में उपमंडल स्तरीय स्वतंत्रता दिवस को भव्य तरीके से मनाने के लिए अधिकारियों की बैठक लेकर उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस हमारी आजादी का उत्सव है। जिस भी विभाग को जो दायित्व सौंपे गए है उन्हें समय रहते पूरा करें। उपमंडल स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन स्थानीय रामलीला ग्राउंड में किया जाएगा। बारिश की स्थिति में उपमंडल स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन नई अनाज मंडी में होगा। आगामी 11 और 12 अगस्त को रिहर्सल करवाई जाएगी तथा 13 अगस्त को फुल ड्रेस रिहर्सल का आयोजन होगा। स्वतंत्रता दिवस समारोह पर मुख्यअतिथि द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा। इसके बाद परेड निरीक्षण होगा। फिर मुख्यातिथि का संबोधन होगा। मार्च पास्ट होगा, पीटी शो की भी प्रस्तुति होगी। देशभक्ति से परिपूर्ण सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी जाएगी। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम थीम आधारित हों ताकि इनके माध्यम से आमजन को संदेश दिया जा सके। मुख्यअतिथि बेहतर कार्य करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों को सम्मानित करेंगे। राष्ट्रीय गान के साथ कार्यक्रम संपन्न होगा। एसडीएम पुलकित मल्होत्रा ने स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों का जायजा लिया।

---

# स्वच्छ भारत मिशन के सदस्य ने किया सीवन स्कूल का दौरा

- ओम प्रकाश मुटरेजा ने प्राथमिक पाठशाला का किया औचक निरीक्षण।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीवन



सीवन। सीवन के प्राथमिक स्कूल में स्वच्छता व मिड डे मील का निरिक्षण करने पहुंचे ओम प्रकाश मुटरेजा।

स्वच्छ भारत मिशन कैथल के जिला सदस्य ओम प्रकाश मुटरेजा ने मंगलवार को कस्बा सीवन के स्वर्गद्वार मंदिर के पास स्थित राजकीय प्राथमिक पाठशाला का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय परिसर की स्वच्छता व्यवस्था तथा बच्चों के लिए बनाए जा रहे मिड डे मीलकी गुणवत्ता का जायज़ा लिया। निरीक्षण उपरांत ओम प्रकाश मुटरेजा ने संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालय के कक्षों में सफाई व्यवस्था अच्छी पाई गई। कक्षाएं सुंदर ढंग से सजाई गई हैं तथा विद्यार्थियों के लिए स्वच्छ हवा, पीने के पानी और अन्य मूलभूत सुविधाओं की समुचित व्यवस्था की गई है। उन्होंने मिड डे मील का निरीक्षण करते हुए बताया कि भोजन साफ-सफाई से बनाया जा रहा है और पौष्टिकता का भी विशेष ध्यान रखा गया है। विद्यालय के इंचार्ज राकेश रत्न ने बताया कि नियमित रूप से विद्यालय में सफाई करवाई जाती है। इस अवसर पर विद्यालय की अध्यापिका निधि मुंजाल भी उपस्थित रहीं।

---



राजौंद। कार्यक्रम में भाग लेती हुई महिलाएं व आशा वर्कर। फोटो :हरिभूमि

### जन्म के तुरंत बाद एक घंटे के भीतर नवजात को स्तनपान कराना बेहद आवश्यकः सावित्री देवी

**राजौंद।** कसान में सर्कल सुपरवाइजर सावित्री देवी के निर्देशानुसार आंगनबाड़ी केंद्रों में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से 1 से 7 अगस्त तक विश्व स्तनपान सप्ताह मनाया जाता रहा है। इस वर्ष इसका आयोजन सार्वजनिक और निजी अस्पतालों में प्रसूता महिलाओं को स्तनपान कराने में सहायता सुनिश्चित करना थीम पर किया जा रहा है। उक्त बातें सर्कल सुपरवाइजर सावित्री देवी ने कही।उन्होंने कहा जिले में स्वास्थ्य विभाग और आईसीडीएस की संयुक्त पहल पर विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से महिलाओं को स्तनपान के महत्व से जागरूक किया जा रहा है। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता पिंकी ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों से रैली निकालकर समुदाय को संदेश दिया जा रहा है कि स्तनपान नवजात की सेहत और माताओं के लिए कितनी अहम भूमिका निभाता है। आंगनबाड़ी केंद्रों पर रैली,दीवार लेखन, सामूहिक बैठकें,परामर्श सत्र और चर्चा कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

---

# समीक्षा करने कैथल पहुंचे राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र के अधिकारी

- आईटी गतिविधियों और सरकारी योनजाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



कैथल। डीसी को सम्मानित करते अनुज महाजन।

राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र हरियाणा के अतिरिक्त राज्य सूचना एवं विज्ञान अधिकारी एवं वरिष्ठ निदेशक अनुज महाजन तथा उप निदेशक गगन विशाल वर्मा ने कैथल जिले के संबंधित अधिकारियों के साथ केंद्र व राज्य सरकार द्वारा क्रियान्वित की जा रही आईटी गतिविधियों की समीक्षा की। इस बैठक में जिला सूचना एवं प्रौद्योगिकी अधिकारी एवं आईटी के निदेशक दीपक खुराना व अतिरिक्त जिला सूचना प्रौद्योगिकी अधिकारी मंदीप द्वारा जिले में आईटी गतिविधियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। अतिरिक्त राज्य सूचना एवं विज्ञान अधिकारी एवं वरिष्ठ निदेशक अनुज महाजन तथा उप निदेशक गगन विशाल वर्मा ने डीसी प्रीति के साथ बैठक कर डिजिटल गवर्नेंस व साइबर सुरक्षा पर विस्तार से चर्चा की। एएसआईओ द्वारा डिजिटल साक्षरता, साइबर सुरक्षा व सुरक्षित डिजिटल बुनियादी ढांचे पर जागरूकता कार्यशाला की आवश्यकता पर बल दिया।

---

# प्रदेश में उद्योग व व्यापार को बढ़ावा देने के लिए सुविधाएं बढ़ाए सरकार

- सरकार की गलत नीतियों से उद्योग व व्यापार में पिछड़ रहा हरियाणा : बजरंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद



जींद। हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग को व्यापारी प्रतिनिधि सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

व्यापारी प्रतिनिधियों की बैठक हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष व हरियाणा कान्फैड के पूर्व अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने अध्यक्षता में निजी होटल में हुई। इस बैठक में व्यापारियों की समस्या पर विचार किया गया। व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने उपस्थिति व्यापारी प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार को प्रदेश में व्यापार व उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए व्यापारियों को ज्यादा से ज्यादा सुविधा देने की जरूरत है जबकि सरकार की गलत नीतियों से प्रदेश में लगातार व्यापार व उद्योग पिछड़ता जा रहा है। ऑनलाइन व्यापार से बड़ी-बड़ी कंपनियों द्वारा खाद्य सामग्री व हर जरूरत का सामान बेचने से छोटा व मध्यम व्यापारी बर्बादी की कगार पर है। हरियाणा में छोटे व मध्यम व्यापारियों पर काम ना होने के कारण व्यापारी बड़ी भारी समस्या से जूझ रहा है। सरकार को छोटे व्यापारियों को 10 लाख रुपये तक का बिना ब्याज लोन देना चाहिए। व्यापारियों की दुकान में आग लगने व किसी प्रकार की अप्रिय घटना होने पर नुकसान का मुआवजा सरकार को देना चाहिए। सरकार को उद्योगपतियों को उद्योग लगाने के लिए सस्ती जमीन व बिजली के बिलों में सब्सिडी देनी चाहिए।

---

### जुलाई में पुलिस पड़ी अपराधियों पर भारी



**कैथल।** जुलाई माह में पुलिस अपराधियों पर भारी पडती नजर आई। शराब व मादक पदार्थ तस्करी, चोरी, लूट, सेंधमारी, अवैध असला रखने आदि के 80 मामलों में 112 आरोपी गिरफ्तार किए गए है। पुलिस प्रवक्ता प्रवीन श्योकंद ने बताया कि जुलाई में संपंती विरुद्ध अपराधियों पर शिकंजा कसते हुए 34 मामलों में 62 आरोपी काबू करके उनके कब्जे से 22 लाख 3 हजार 500 रुपए मूल्य की चोरीशुदा जन संपत्ति बरामद की गई है। मादक पदार्थो की तस्करी के खिलाफ विशेष मुहिम चलाकर एनडीपीएस एक्ट तहत 13 मामले दर्ज करके 18 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

---

# ब्लॉक स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में छाए वेदांता स्कूल के खिलाड़ी

- अंडर-17 वालीबॉल व शतरंज प्रतियोगिता में जीते स्वर्ण पदक।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरवाना



नरवाना। प्रतियोगिता में भाग लेते बच्चे। फोटो :हरिभूमि

वेदांता इंटरनेशनल स्कूलए कालोदा खुर्द ;नरवानाद्ध के विद्यार्थियों ने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया है कि अनुशासनए परिश्रम और सही मार्गदर्शन से कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं होता। विद्यालय के छात्रों ने हाल ही में आयोजित ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अंडर.17 वॉलीबॉल एवं अंडर.17 शतरंज प्रतियोगिताओं में स्वर्ण पदक जीते। अंडर.17 वॉलीबॉल में वेदांता स्कूल की टीम ने रावमावि सच्चा खेड़ा को 25.24 के रोमांचक स्कोर से जीत दर्ज की। यह मुकाबला अत्यंत संघर्षपूर्ण रहाए जिसमें दोनों टीमों ने दमदार प्रदर्शन किया। निर्णायक क्षणों में वेदांता के खिलाडिय़ों ने संयमए कौशल और आत्मविश्वास के साथ खेलते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया। इस सफलता में खिलाडिय़ों के आपसी तालमेलए अनुशासन एवं कठिन परिश्रम के साथ.साथ प्रशिक्षकों की मेहनत भी प्रमुख रही। टीम के कोच मेंका ;क्ष्ण्च्म्द्धए धरमवीर और शिवकुमार ने छात्रों को शारीरिक रूप से दक्ष और मानसिक रूप से मजबूत बनाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। शतरंज प्रतियोगिता में विद्यालय के दो होनहार छात्र सौरव और नवजोत ने अपने चतुराईपूर्ण खेल से हर चरण में उत्कृष्टता दिखाई और फाइनल मुकाबले में भी अपने प्रतिद्वंद्वियों को मात दी।

---

# भाकियू: 12 सदस्यीय कार्यकारिणी गठित

- बारूराम को जिला संरक्षक मनोनित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद



जींद। बैठक को संबोधित करते हुए किसान नेता। फोटो :हरिभूमि

भारतीय किसान यूनियन की बैठक शिव कॉलोनी स्थित किसान भवन में गांव गुलकनी निवासी महाबीर बैरागी की अध्यक्षता में हुई। मुख्यातिथि के रूप में प्रदेशाध्यक्ष रतन मान ने शिरकत की। बैठक में जिला जींद की नई 12 सदस्यीय कार्यकारिणी का चयन किया गया। इसमें रूपगढ़ निवासी बारूराम को जिला संरक्षक, ईंटल कलां निवासी बिंद्र नंबरदार को जिला प्रधान, उझाना निवासी गुरुदेव और कोरड़ा गांव निवासी नवीन मलिक को उप प्रधान नियुक्त किया गया है। वहीं गांव बीबीपुर निवासी राजिंद्र पहलवान और डूमरखां खुर्द निवासी रमेश श्योकंद को महासचिव बनाया गया है। कंडेला निवासी छज्जूराम को कोषाध्यक्ष, जुलाना निवासी डा. संजय लाठर को संगठन सचिव, गांव गुलकनी निवासी राममेहर नंबरदार को प्रचार सचिव, गांव पोंकरीखेड़ी निवासी रामराजी ढुल को प्रवक्ता नियुक्त किया गया है। इसके अलावा चंद्र नंबरदार और राममेहर उर्फ लीलू को सदस्य नियुक्त किया गया है। जिला प्रधान बिंद्र नंबरदार ने कहा कि संगठन किसान की समस्याओं के समाधान को लेकर लगातार प्रयासरत रहेगा। वहीं जिला कार्यकारिणी द्वारा आगामी समय में ब्लॉक कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। भारत और अमेरिका के बीच हुए नॉन वैज मिल्क समझौते के विरोध में 13 अगस्त को प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा जाएगा।

---

### बिना टेप वाले कनेक्शन धारकों को दिया दो दिन का समय

# सुरजाखेड़ा में 19 को दिए नोटिस व 10 टेप लगवाई

- पेयजल समस्या का समाधान को टोल फ्री नंबर 1800180 5678 से करवाया जाएगा अवगत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद



जींद। कार्रवाई करते हुए स्वास्थ्यकर्मी। फोटो :हरिभूमि

गांव सुरजाखेड़ा में जल संरक्षण अभियान चलाकर अवैध कनेक्शन काटने व पेयजल की बर्बादी करने वाले कनेक्शन धारकों को नोटिस देने के लिए अभियान चलाया गया। जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के जिला सलाहकार रणधीर मताना ने बताया कि गांव सुरजाखेड़ा में कनिष्ठ अभियंता कुशल पाल व बीआरसी सुरेन्द्र कुमार के नेतृत्व में गांव में गठित सर्व कल्याण सेवा समिति सुरजाखेड़ा के साथ मीटिंग की गई व स्कूल के बच्चों के साथ मिलकर घर-घर जाकर लोगों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। जींद में खंड सम्नवयक दिनेश मलिक, सफीदों में बलवान सिंह आर्य, पिल्लूखेड़ा में सुरेंद्र दुग्गल, जुलाना में सोमलता सैनी, अलेवा में ईश्वर सिंह व उचाना में कुशल शर्मा द्वारा अपने अपने ब्लॉक में जोरदार तरीके से जल संरक्षण अभियान चलाकर लोगो को जागरूक किया जा रहा है।

गांव सुरजाखेड़ा में कनिष्ठ अभियंता कुशलपाल व खंड समन्वयक सुरेंद्र नरवाल ने घरों में पेयजल कनेक्शन चैक किए व मौके पर ही 19 टेप लगवाई व 10 घर ऐसे मिले जिनके कनेक्शन पर टेप नहीं मिली और ना ही, उन्होंने मौके पर टेप लगवाई। कनिष्ठ अभियंता ने मौके पर ही उनको नोटिस दिए व दो दिन का समय दिया अन्यथा उनके खिलाफ विभागीय कार्यवाही की जाएगी। कनिष्ठ अभियंता ने कहा कि दो दिन बाद ऐसे कनेक्शन काटे जाएंगे व ग्रामीणों से पानी के बिल भरने की भी अपील की और जल्द ही सुरजाखेड़ा के पानी के बिल घर-घर पहुंचाएं जाएंगे। बैठक में कनिष्ठ अभियंता ने कमेटी के सदस्यों से गांव में पानी से संबंधित समस्याएं सुनी व जेई कुशलपाल ने कहा कि विभाग गांव में पर्याप्त मात्रा में पानी की सप्लाई कर रहा है।

ग्रामीण अत्याधिक मात्रा में पानी की बर्बादी कर रहे हैं। जिससे आखिरी छोर तक पानी पहुंचाने में दिक्कत आ रही है। बीआरसी सुरेंद्र कुमार ने बताया कि लोगों को जल संरक्षण व टेप लगाने के लिए जागरूक किया जा रहा। परंतु उपभोक्ता फिर भी अपनी जिम्मेवारी सही तरीके से नहीं निभा रहे।